Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 19-12-2006

Participants : Ahir Shri Hansraj Gangaram

>

Title: Need to improve primary and rural health services in the Country.

श्री हंसराज जी. अहीर (चन्दपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं दिलाने की ओर सरकार का ध्यान आकर्ति कराना चाहता हूं। इस शीतकालीन सत्र के दौरान मेरे अतारांकित प्रश्न के जवाब में माननीय स्वास्थ्य मंत्री ने ग्रामीण क्षेत्रों की स्वास्थ्य सबंधी बदहाल स्थिति को स्वीकार करते हुए कहा कि देश में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में कुल 4168 पद रिक्त हैं तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में 4032 डॉक्टर्स के पद रिक्त हैं। इससे स्पट होता है कि सरकार द्वारा ग्रामीण स्वास्थ्य सुविधाओं की पूरी तरह उपेक्षा की जा रही है। ग्रामीण लोग संक्रामक तथा साधारण बीमारियों की चपेट में आकर बिना डॉक्टर के इलाज और दवा के मौत के मुंह जा रहे हैं। आज देश के ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकांश बच्चे कुपोाण से पीड़ित हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं पर्याप्त नहीं हैं। यूपीए सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में डॉक्टरों के पद भरने के बजाय, विदेशी मुद्रा प्राप्ति हेतु बड़े-बड़े महानगरों में स्वास्थ्य पर्यटन योजना के लिए, अति विशिट उपचार सुविधा के लिए धनराशि जारी करने जा रही है। [a33]

सरकार की दोहरी नीति के चलते ग्रामीण जनता की उपेक्षा की जा रही है। कुपोाित ग्रामीण बच्चों को मरने के लिए छोड़ने का सरकार पर मैं आरोप लगाता हूं। जहां जनता को आधुनिक स्वास्थ्य सुविधा उपचार केन्द्र की आवश्कयता है वहां बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं कराई जा रही हैं, बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध न कराने से सरकार की नाकामी सिद्ध हो रही है। मैं आपके माध्यम से प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में तुरंत चिकित्सकों के पदों को भरने की मांग करता हूं। साथ ग्रामीणों को अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने की मांग करता हूँ ।